This question paper contains 3 printed pages. Roll No. 174346

AEC-HIN **AEC-51T-102**

1001

B.A. Three/Four Year I Semester Examination - Dec. 2023

(Ability Enhancement Course)

हिन्दी

(व्याकरण)

2277748

Time: Three Hours **Maximum Marks: 40**

प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र पर रोल नंबर अवश्य लिखें। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न हेतु निर्धारित अंक उसके सामने अंकित हैं।

किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर पुस्तिका नहीं दी जाएगी। अतः परीक्षार्थियों को चाहिए कि वे मुख्य उत्तर पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर सही ढंग से लिखें।

खण्ड – अ के अंतर्गत प्रश्न संख्या 1 में इकाई 1 के भाग (क) एवं (ख) तथा इकाई 2 के भाग (क) एवं (ख) प्रत्येक से दो–दो प्रश्न कुल आठ प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रत्येक प्रश्न 02 अंक का होगा।

खण्ड – ब के अंतर्गत प्रश्न संख्या 2, 3 में इकाई 3 के भाग (क) एवं भाग (ख) से एक–एक प्रश्न पूछा जाएगा। प्रत्येक प्रश्न 04 अंक का होगा।

खण्ड – स के अंतर्गत प्रश्न संख्या 4, 5, 6 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं जिसमें इकाई 4 के भाग (क) से दो प्रश्न (प्रत्येक 04 अंक) तथा भाग (ख) से एक प्रश्न (आंतरिक विकल्प सहित) 8 अंक का होगा।

खण्ड – ब

2. निम्न अवतरण का संक्षेपण कीजिए। **(4)**

भारतीय नारी त्याग, बलिदान, साहस, शक्ति तथा सेवा की सजीव मूर्ति है। जीवन के सुख–दुःख में छाया की भाँति पुरुष का साथ देने के कारण अर्द्धांगिनी, घर की व्यवस्थापिका होने के कारण लक्ष्मी और श्लाघनीय गुणों के कारण देवी कही जाती है। स्वार्थ और भोगलिप्सा को तिलांजलि देकर भारतीय नारी ने आत्मबलिदान के द्वारा समय–समय पर ऐसी ज्योति प्रज्वलित की है कि उसके पुनीत प्रकाश में पुरुष ने अपना मार्ग ढूँढा है। उसकी शक्ति के आगे तो यमराज को भी हारना पड़ा। नारी का सम्मान करके ही पुरुष का जीवन–कुसुम सुवासित होता है। भारतीय संस्कृति के अनुसार जहाँ नारी का सम्मान होता है, वहाँ देवता निवास करते हैं।

3. 'करत–करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान' सूक्ति का पल्लवन कीजिए। **(4)**

खण्ड – स

4. अनुस्मारक का अर्थ एवं प्रारूप तैयार कीजिए। **(4)**

5. 'हिन्दी भाषा के प्रयोग संबंधी अधिसूचना' का प्रारूप तैयार कीजिए। **(4)**

6. किसी एक विषय पर लगभग 400 शब्दों में निबन्ध लिखिए। **(8)**

   (क) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

   (ख) पर्यावरण संरक्षण

   (ग) राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020

   (घ) महिला सशक्तिकरण

2277748

खण्ड – अ

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(8×2=16)**

(i) निम्न उपसर्ग के योग से दो–दो नये शब्द बनाइए।

(क) अधि

(ख) अति

(ii) निम्न शब्दों का संधि–विच्छेद कीजिए।

227748

(क) महेश

(ख) अध्याय

(ग) कपीश

(घ) नायक

(iii) संज्ञा को सोदाहरण परिभाषित कीजिए।

(iv) विशेषण की परिभाषा एवं प्रमुख भेदों का नामोल्लेख कीजिए।

(v) निम्न शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

227748

(क) ज्योतसना

(ख) दवाईयाँ

(ग) बारात

(घ) आर्शीवाद

(vi) निम्न वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए।

(क) एक चाय का कप लाओ।

(ख) आपका दर्शन हो गया।

227748

(ग) पूजा एक विद्वान लड़की है।

(घ) खरगोश को काटकर गाजर खिलाओ।

(vii) निम्न मुहावरे का अर्थ एवं वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(क) श्रीगणेश करना

(ख) अन्धे की लकड़ी

(viii) निम्न लोकोक्तियों का अर्थ लिखिए।

(क) का वर्षा जब कृषि सुखाने

(ख) हाथ कंगन को आरसी क्या